# सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स सेल्फ सपोर्टिंग को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, राँची

दिनांक 14.09.2025 को सिविल सर्विसेस ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी के कार्यकारिणी समिति (निदेशक मण्डल) की विशेष बैठक अपराहन् 1:00 बजे एस0एफ0टी0 हेड क्वार्टर (जगुआर कार्यालय के गेस्ट हाउस) टेण्डर, राँची में श्री आर0 पी0 सिंह, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में निम्नलिखित निदेशक मण्डल के सदस्य/विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. श्री आर0 पी0 सिंह, भा0व0से0 – अध्यक्ष
2. श्री आर0 के0 मल्लिक, भा0पु0से0 – उपाध्यक्ष एवं सचिव
3. श्री हंस राज सिंह, भा0प्र0से0 – कोषाध्यक्ष
4. श्रीमती प्रिया दूबे, भा0पु0से0 – निदेशक
5. श्री सतीश कुमार, भा0रे0अ0से0 – निदेशक
6. श्री डी0 के0 सक्सेना, भा0व0से0 – विशेष आमंत्रित सदस्य

1. दिनांक 12 अक्टूबर (रविवार) 2025 को विशेष आम सभा की बैठक की जाए, जिसमें कार्यकारिणी समिति के रिक्त पदों के लिए चुनाव किया जाए।
   कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया कि कार्यकारिणी समिति के रिक्त पदों के लिए चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में श्री ए0 के0 पाण्डेय, भा0प्र0से0 (सदस्य संख्या – 141) को नामित करने का निर्णय लिया गया, जिसकी स्वीकृति दूरभाष पर सम्बन्धित चुनाव अधिकारी से प्राप्त कर ली गयी है। तत्सम्बन्धित चुनाव की जानकारी को–ऑपरेटिव विभाग को भी चुनाव सम्पन्न कराने हेतु विभागीय पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्त करने हेतु किया जाए।

2. Executive Committee (कार्यकारिणी समिति) की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री राज कुमार द्वारा सचिव के पद से पदत्याग करने के कारण पूर्णकालिक सचिव का चुनाव सम्पन्न होने तक श्री हंस राज सिंह, भा0प्र0से0 को सचिव के रूप में नामित किया जाता है, वर्तमान में वे कोषाध्यक्ष का कार्य नहीं करेगें।

3. सदस्यों के आवंटित भू–खण्ड का निबंधन एवं सुधार पत्र का कार्य किया जाना है। सोसाईटी के निबंधन एवं सुधार पत्र में हस्ताक्षर कार्यकारिणी समिति के प्राधिकृत निदेशक / सचिव / अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा।

4. श्री आर0 के0 मल्लिक, निर्वाचित उपाध्यक्ष द्वारा इच्छा जाहिर की गयी कि लगातार दो अवधि (Term) से अधिक कार्यकारिणी समिति में सदस्य / पदधारी के रूप में कार्य किये हैं, जिसके फलस्वरूप उन्होनें पद से हटने की इच्छा जाहिर की, जिसे कार्यकारिणी समिति द्वारा स्वीकृत किया गया।

5. यह निर्णय लिया गया कि रैयती भू–खण्ड कय करने सम्बन्धित गठित समिति का प्रतिवेदन शीघ्र दाखिल करने का निर्णय लिया गया, ताकि रैयती भू–खण्ड के सम्बन्ध में रैयतों से एकरारनामा सम्बन्धी अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

**धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई सम्पन्न की गयी।**

16-09-25

(आर0 पी0 सिंह)
अध्यक्ष

ज्ञापांक 41 /    दिनांक 16.09.2025 /

सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

16-09-25

(आर0 पी0 सिंह)
अध्यक्ष